Title: Need to control the detriorating law and order situation in the Uttar Pradesh.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान उत्तर प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। वहां की स्थिति बहुत खराब है। वहां पर अपराधियों का मनोबल बहुत बढ़ गया है और वहां अपराधियों को शस्त्रों के लाइसेंस दिये गये हैं।

उन्हें राजनीतिक संरक्षण दिया जा रहा है। बहुत से मामलों में ऊपर तक सुनवाई नहीं हो रही है। जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता खतरे में पड़ गई है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा करे और तत्काल कदम उठाए।